भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2921 का उत्तर

तमिलनाडु में कीरनूर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव

2921. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार निरंतर जनता से मिलने वाले अभ्यावेदनों और लंबे समय से चली आ रही यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए कीरनूर में गाड़ी संख्या 16751/16752 रामेश्वरम-चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस (बोट मेल) के लिए ठहराव प्रदान करने पर विचार कर रही है क्योंकि कीरनूर रेलवे स्टेशन आस-पास के गांवों, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में कार्य करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का छात्रों, कार्यालय जाने वालों और इस क्षेत्र से यात्रा करने वाले आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए कीरनूर में कम से कम एक मिनट के ठहराव को मंजूरी देने के लिए शीघ्र कदम उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार दैनिक और लंबी दूरी के यात्रियों की बढ़ती संख्या को पूरा करने के लिए कीरनूर रेलवे स्टेशन पर एकीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (आईयूटीएस) काउंटर या यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) सुविधा स्थापित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) वर्तमान में कीरनूर स्टेशन 2 मेल/एक्सप्रेस और 6 पैसेंजर रेल सेवाओं द्वारा सेवित है, जो अन्य बातों के साथ-साथ रामेश्वरम, कारैक्कुडि आदि के बीच संपर्कता प्रदान करती हैं।

1. 16849/16850 तिरुच्चिराप्पल्लि - रामेश्वरम एक्सप्रेस

2. 56803/56804 तिरुच्चिराप्पल्लि - कारैक्कुडि पैसेंजर

3. 56815/56816 तिरुच्चिराप्पल्लि - कारैक्कुडि डीईएमयू पैसेंजर

4. 56831/56832 तिरुच्चिराप्पल्लि - कारैक्कुडि पैसेंजर

वर्तमान में, 16751/16752 रामेश्वरम-चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस का कीरनूर के समीप स्थित तिरुच्चिराप्पल्लि स्टेशन पर ठहराव निर्धारित है जो 155 गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित है।

कीरनूर क्षेत्र को सेवित करने के लिए, पीआरएस की सुविधा वर्तमान में कीरनूर स्टेशन के दोनों तरफ तिरुच्चिराप्पल्लि स्टेशन और पुदुक्कोट्टै स्टेशन पर उपलब्ध है।

इसके अलावा, किसी भी स्टेशन पर नये टिकट काउंटर सुविधा को शुरु करना प्रत्याशित आवागमन, दैनिक टिकट बिक्री, नजदीकी पीआरएस की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

इसके अतिरिक्त, रेलवे ने हाल ही में रेल वन ऐप भी लॉन्च किया है। यह ऐप यात्रियों को मोबाइल फोन पर आरक्षित और अनारक्षित प्रकार की टिकटें बुक करने की सुविधा प्रदान करता है। इससे यात्रियों के लिए पीआरएस की सुविधा सुगम हो गई है। इसके अलावा, लगभग 87% आरक्षित टिकटें अब ऑनलाइन बुक की जा रही हैं।

इसी तरह, गाड़ियों के ठहराव का प्रावधान खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता एवं प्लेटफॉर्म की लंबाई जैसी अनुरूपी अवसंरचना आदि सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता सहित रेलखंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

****